भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2303

21 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात निर्यात का प्रतिशत

2303. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस्पात निर्यात के गिरते प्रतिशत की जानकारी है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं और निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) 2021 की तुलना में 2022 में प्रत्येक तिमाही में इस्पात निर्यात कितने प्रतिशत कम हुआ है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): अप्रैल-नवंबर, 2022 के दौरान तैयार इस्पात के निर्यात में पूर्व वर्ष की तुलना में कमी आई है। वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए तैयार इस्पात के निर्यात का तिमाहीवार ब्योरा नीचे दिया गया हैं:-

	तैयार इस्पात के निर्यात की मात्रा ('000 टन में)		
तिमाही	**2021-22**	**2022-23**	**प्रतिशतता परिवर्तन**
अप्रैल-जून	3557	2191	-38%
जुलाई-सितंबर	4197	1411	-66%
अक्टूबर-दिसंबर	2575	698*	-
जनवरी-मार्च	3166	-	
कुल	**13494**	**4300**	
*नवंबर, 2022 तक; स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)			

इस्पात की घरेलू खपत में वृद्धि और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के परिणामस्वरूप घरेलू इस्पात की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप, सरकार ने घरेलू उपलब्धता को बढ़ाने तथा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए मई, 2022 में इस्पात उत्पादों की कुछ श्रेणियों पर निर्यात शुल्क लगाया। इस प्रकार लगाए गए निर्यात शुल्कों को सीमा शुल्क की दिनांक 18.11.2022 की अधिसूचना के तहत हटा लिया गया।

*****